## सार-समाचार

### महिला सुरक्षा व कानूनों की दी जानकारी

**जालोर**, (कासं)। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग जालोर के संयुक्त तत्वावधान में रामदेव कॉलोनी जालोर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र प्रथम पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की साप्ताहिक गतिविधियों के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा से संबंधित बनाए गए कानूनों के विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक लक्ष्मणसिंह राजपुरोहित ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस साप्ताहिक गतिविधियों के अंतर्गत जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर 4 से 8 मार्च तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यशाला, महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम, आत्मरक्षा संबंधी प्रशिक्षण, महिला सुरक्षा एवं संरक्षण संबंधी कार्यक्रम, महिलाओं की उद्यमिता प्रोत्साहन हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना पुरस्कार एवं माता यशोदा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जेंडर स्पेशलिस्ट द्रौपदी भंडारी ने बालिकाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए बनाए गए कानूनों तथा उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु विभाग के अधीन संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर एवं महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के विषय में आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 181, 1090 एवं 112 के बारे में जानकारी दी। इस दौरान एएनएम अनसी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा मीणा, आशा सहयोगिनी दमयन्ती, सहायिका ललिता सहित महिलाएँ एवं बालिकाएँ उपस्थित रही।

### ललित प्रभ महाराज कल जोधपुर में

**जोधपुर**, (कासं)। राष्ट्रसंत ललित प्रभ महाराज और डॉ. मुनि शांति प्रिय सागर महाराज 8 मार्च रविवार को जोधपुर पहुंचेंगे। संबोधि धाम के अध्यक्ष अशोक पारख और महासचिव देवेंद्र गैलड़ा ने बताया कि संतजन हैदराबाद में ऐतिहासिक चातुर्मास पूर्ण कर 18,00 किलोमीटर की लंबी पद यात्रा में निजामाबाद कामरेड नांदेड़ परभणी जिंतूर जलगांव बुलढाणा मलकापुर खंडवा इंदौर उज्जैन मंदसौर नीमच उदयपुर राजसमंद पाली आदि अनेक शहरों और गांवों में जीने की कला पर विराट प्रवचन माला करके लाखों श्रद्धालु भाई बहनों को सत्संग का लाभ देते हुए सूर्यनगरी जोधपुर पहुंच रहे हैं। ट्रस्ट के प्रवीण मेहता ने बताया कि संतों के आगमन पर पर उनका भव्य स्वागत और अगवानी प्रातः 9 बजे संस्कृति अपार्टमेंट, कायलाना चौराहा से की जाएगी जहां सभी श्रद्धालु प्रवेश और सत्संग शोभायात्रा के साथ प्रातः 10 बजे कायलाना रोड़, संबोधि धाम पहुंचेंगे। जहां संतों का शहर के गणमान्य नागरिकों द्वारा अभिनंदन के साथ सत्संग और प्रवचन समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम के समापन पर सभी की गुरुप्रसादी होगी। संबोधि धाम ट्रस्ट मंडल ने सभी श्रद्धालु भाई बहनों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अनुरोध किया है।

### होम्योपैथी परामर्श शिविर कल

**जोधपुर**, (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 8 मार्च, रविवार को रातानाडा, हाईकोर्ट कॉलोनी स्थित समन्वय इंटरनेशनल स्कूल के सामने निःशुल्क होम्योपैथी परामर्श एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित शिविर में होम्योपैथिक फीजिशियन डॉ. कृष्णा गहलोत, डॉ. स्वाति गौड़, डॉ. मृदुल राठौर सहित अनुभवी फिजिशियन द्वारा विभिन्न बीमारियों का मुफ्त परामर्श और दवाईयों के साथ बिना साईड इफेक्ट होम्योपैथिक औषधि द्वारा सफल ईलाज किया जाएगा। शिविर संयोजक डॉ. कृष्णा गहलोत ने बताया कि विभिन्न बिमारियों में चर्म रोग जिसमें बालों का झड़ना, दाद, खुजली, सफेद दाग, कील मुहासे, फुंसिया, सोरायसिस, मस्से होना आदि, नाक व श्वास रोग जिसमें अस्थमा, बार बार जुकाम, ऐडिनोइड, ऐलर्जी, राइनाइटिस आदि, पेट रोग जिसमें पेट में दर्द, अपच, गैस व जलन होना कब्ज होना, दस्त लगना, पाइल्स, फिशर आदि, हड्डी रोग जिसमें जोड़ो का दर्द, गठिया, पुराने फ्रेक्चर आदि का दर्द, स्त्री रोग जिसमें कमर दर्द, सफेद पानी, महवारी में तकलीफ, थकान, कमजोरी आदि, बच्चों के रोग जिसमें चिड़चिड़ापन, भूख न लगना, दांत देरी और दिक्कत से आना, पेट में कीड़े, पढ़ाई में अरूचि, वीक मेमोरी, बिस्तर गीला करना आदि सहित किडनी रोग, पेशाब में जलन इन्फेक्शन, पथरी, डाइबिटिज, ब्लड प्रेशर व मोटापे का इलाज किया जाएगा।

### शीतला माता मेले के लिए कार्य निर्धारण

**जालोर**, (कासं)। जिला मुख्यालय पर 10 मार्च को आयोजित होने वाले शीतला सप्तमी मेले के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला कलक्टर ने सम्बन्धित विभागों को जिम्मेदारियाँ सौपते हुए आवश्यक निर्देश दिए है। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि मेले के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा शान्ति एवं कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था व वाहनों की पार्किंग आदि व्यवस्थाओं को अंजाम दिया जायेगा तथा उपखण्ड मजिस्ट्रेट जालोर मौका मजिस्ट्रेट होंगे। वही सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा गिटको होटल से शीतला माता मन्दिर तक सड़क का मरम्मत कार्य तथा मेले में बेरिकेटिंग आदि की व्यवस्था की जायेगी जबकि मेले में पेयजल आपूर्ति व टेंकर व्यवस्था के लिए जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग को, मेले में विद्युत लाईन व तार आदि की व्यवस्था के लिए विद्युत विभाग को, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा, खाद्य सामग्री आदि का निरीक्षण, पेयजल की शुद्धिकरण व्यवस्था चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जायेगी। इसी प्रकार यात्रियों के लिए वाहनों की व्यवस्था के लिए परिवहन एवं रोडवेज विभाग को, लोक कलाकारों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए माय भारत केन्द्र तथा मेले के प्रचार-प्रसार के लिए सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग को निर्देशित किया गया हैं।

### श्याम निशान यात्रा का स्वागत

**पाली**, (नि.सं.)हर साल की तरह इस बार भी श्याम निशान यात्रा शुक्रवार को गांधी मूर्ति स्थित गीता सत्संग भवन से सुबह 9 बजे धूम धड़ाके के साथ सैकड़ो पीले निशान ध्वज के साथ रवाना हुई। बैंड बाजा के साथ श्याम भगत नाचते श्याम प्रभु के जयकारे लगाते महिला पीली साड़ी पहने हाथों में निशान लेकर डीजे की धुन पर श्याम के मधुर गीतों पर झूमते हुए चल रही थी। सबसे पीछे भगवान खाटू श्याम जी की फूलों से सजी सवारी को भक्त खींच रहे थ। इस यात्रा में अग्रवाल समाज के साथ सभी समाज के लोग सम्मिलित हुए। निशान यात्रा का जहां से भी गुजरी शहर वासियों ने पुष्प वर्षा का स्वागत किया। गांधी मूर्ति से सूरजपोल चौराहा, सोमनाथ मंदिर, घी का झंडा, सराफा बाजार फतेहपुरिया बाजार, पानी दरवाजा होकर अठासेन भवन पहुंच समाप्त हुई। जहां पर सभी का सामूहिक प्रसादी का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा को सफल बनाने में नीलम बंसल, कमल किशोर गोयल, गिरीश अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, अग्रवाल युवा मंडल के जितेंद्र अग्रवाल, के साथ महिला मंडल, माहेश्वरी, ब्राह्मण आदि समाज के महिला पुरुष साथ रहे।

### राष्ट्र सेविका समिति ने फागोत्सव मनाया

**जालोर**, (कासं)। जालोर नगर में राष्ट्र सेविका समिति की बहनों की ओर से फागोत्सव बडे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कुल 82 बहनों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर बहनों ने आपसी स्नेह, सौहार्द एवं संगठन भावना के साथ गुलाल खेलकर फागोत्सव की खुशियां मनाईं। पूरे कार्य म के दौरान उत्सवमय वातावरण बना रहा। बहनों ने एक-दूसरे को फागोत्सव की शुभकामनाएं दीं और समाज में एकता एवं संस्कारों के प्रसार का संदेश दिया। विभाग कार्यवाहिका बीना शर्मा ने बताया राष्ट्र सेविका समिति के कार्य को उत्साह और उमंग के साथ आगे बढाएं समिति के 90 वर्ष पूर्ण होने पर शाखा सुदृढिकरण को बल देंगे। कार्यक्रम शांतिपूर्वक एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### सरेसी माता मंदिर मेला भरा

**रेवदर**, (नि.सं.)। सरेसी माता मंदिर परिसर में मेले का आयोजन हुआ। कस्बे और आसपास के गांवों से सैकड़ों श्रद्धालु मेले में पहुंचे। भक्तों ने माता के दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मेले में पारंपरिक गैर नृत्य का विशेष आकर्षण रहा। पुरुषों ने पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-थाली की धुन पर गैर नृत्य किया। कस्बे और आसपास के लोगों की भागीदारी से कार्यक्रम की रौनक दोगुनी हो गई। महिलाओं ने भी लोक संस्कृति को दर्शाती पारंपरिक पोशाक में मेले का आनंद लिया। मंदिर को फूल मालाओं से सजाया गया। रंग-बिरंगी और दुधिया रोशनी से मंदिर सजाया गया। मेले में बच्चों और बड़ों ने झूलों का आनंद लिया। महिलाओं ने विभिन्न स्टॉलों से खरीदारी की। श्रद्धालुओं ने माता को प्रसाद अर्पित किया।

# जोधपुर रेल मंडल : मोबाइल से भी मिलेगा प्लेटफॉर्म टिकट

जोधपुर, (का.सं.)। रेलवे यात्रियों को बेहतर और त्वरित सुविधाएं देने के लिए लगातार डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा दे रहा है। इसी क्रम में अब यात्री अपने मोबाइल फोन के माध्यम से ही प्लेटफॉर्म टिकट प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए रेलवे द्वारा शुरू किए गए रेलवन एप का उपयोग किया जा सकता है। इस सुविधा के शुरू होने से स्टेशन पर टिकट खिडक़ी के सामने लगने वाली लंबी कतारों से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम हितेश यादव के अनुसार यात्रियों को अब प्लेटफॉर्म टिकट लेने के लिए काउंटर तक जाने की आवश्यकता नहीं है। वे अपने मोबाइल में रेलवन एप डाउनलोड कर आसानी से प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि एप से टिकट बुकिंग की प्रक्रिया सरल है और कुछ ही मिनटों में टिकट जारी हो जाता है। टिकट जारी होने के बाद उसका डिजिटल स्वरूप मोबाइल में उपलब्ध रहता है, जिसे स्टेशन पर जांच के समय दिखाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म टिकट की यह व्यवस्था यात्रियों के समय की बचत के साथ-साथ रेलवे स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन में भी सहायक होगी। त्योहारों, छुट्टियों और विशेष अवसरों पर अक्सर प्लेटफॉर्म टिकट लेने के लिए लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा होती है। मोबाइल एप के माध्यम से टिकट मिलने से यह समस्या काफी हद तक कम होगी। उल्लेखनीय है कि इस एप के जरिए जनरेट किए जाने वाले प्लेटफॉर्म की वैद्यता भी दो घंटे ही रहेगी।

इस तरह की डिजिटल सुविधाओं के उपयोग से टिकट काउंटर पर दबाव कम होगा और यात्रियों को तेज व सुगम सेवा मिल सकेगी।

साथ ही नकदी लेन-देन की आवश्यकता भी कम होगी जिससे पारदर्शिता और सुविधा दोनों बढ़ेंगी।

रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रेलवन एप का उपयोग करें और डिजिटल टिकटिंग की इस सुविधा का लाभ उठाएं, ताकि यात्रा से जुड़ी सेवाएं और अधिक सरल, सुरक्षित तथा सुविधाजनक बन सकें।

वहीं उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा जयपुर-जोधपुर-जयपुर रेलसेवा को अब इलेक्ट्रिक इंजन से संचालित किया जाएगा। इससे रेल संचालन अधिक सुगम, पर्यावरण के अनुकूल तथा ऊर्जा दक्ष होगा।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के अनुसार गाड़ी संख्या 22977/22978, जयपुर-जोधपुर-जयपुर रेलसेवा जोधपुर से दिनांक 10 मार्च से तथा जयपुर से 11 मार्च से इलेक्ट्रिक इंजन से संचालित की जाएगी। रेलवे द्वारा इस रेलसेवा में इलेक्ट्रिक इंजन के संचालन से संचालन क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ ईंधन की बचत एवं पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। यात्रियों को भी इससे बेहतर और अधिक सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी।

# जालोर नागरिक सहकारी बैंक की मुख्य शाखा के नए भवन का शुभारंभ आज

**जालोर**, (का.सं.)। जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के राजेन्द्र नगर रोड पर स्थित मुख्य शाखा, जालोर के नवनिर्मित भवन का भव्य शुभारंभ 7 मार्च को किया जाएगा। बैंक की ओर से अपनी स्वयं की भूमि पर इस आधुनिक भवन का निर्माण करवाया गया है, जिससे ग्राहकों को अधिक सुविधाजनक एवं प्रभावी बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

इस अवसर पर राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग कार्य म के मुख्य अतिथि होंगे, जबकि समारोह की अध्यक्षता बैंक के संस्थापक अध्यक्ष मदनराज बोहरा करेंगे।

कायक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, पुखराज पाराशर पूर्व अध्यक्ष, जन अभियोग निराकरण समिति, राजस्थान सरकार, डॉ. प्रदीप गवांडे जिला कलेक्टर, जालोर तथा देवेंद्र अमरावत अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, खंड जोधपुर की उपस्थिति रहेगी। बैंक का यह नया भवन सभी आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से सुसज्जित है।

यहां ग्राहकों की सुविधा के लिए एटीएम तथा कैश डिपॉजिट मशीन भी स्थापित की गई है। शाखा का स्थान अधिक सुगम एवं सुविधाजनक होने से ग्राहकों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ लेने में विशेष सुविधा मिलेगी। ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैंक परिसर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से आरामदायक लाउंज की व्यवस्था भी की गई है।

बैंक प्रबंधन के अनुसार निकट भविष्य में बैंक की सेवाओं को और अधिक उन्नत बनाने के लिए एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित तकनीक का उपयोग भी शुरू किया जाएगा, जिससे बैंक के ग्राहकों को तेज, सुरक्षित और आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं मिल सकेंगी।

# जोधपुर रेंज आई.जी. सत्येंद्र सिंह ने वार्षिक निरीक्षण किया

**बालोतरा**, (नि.सं.)। जोधपुर रेंज के नवनियुक्त पुलिस महानिरीक्षक सत्येंद्र सिंह शुक्रवार को बालोतरा जिला मुख्यालय के दौरे पर रहे। बालोतरा जिला बनने के बाद पुलिस व्यवस्थाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा के लिए आईजी का यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है।

आईजी सत्येंद्र सिंह के पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर बालोतरा एसपी रमेश कुमार ने उनकी अगवानी की। इस दौरान पुलिस की एक विशेष टुकड़ी द्वारा आईजी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मान दिया गया। एसपी रमेश ने गुलदस्ता भेंट कर जिले की पुलिसिंग की संक्षिप्त जानकारी दी।

स्वागत कार्यक्रम के पश्चात आईजी सत्येंद्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में महत्वपूर्ण क्राइम मीटिंग ली। बैठक में जिले के सभी एएसपी हरफूलसिंह, वृत्ताधिकारी और सभी थाना क्षेत्रों के थानाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के लंबित मामलों का निस्तारणः आईजी ने थानों में पेंडिंग चल रहे मुकदमों की समीक्षा की और अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से जांच पूरी करने के निर्देश दिए।

सीमावर्ती और आसपास के क्षेत्रों में बढ़ते नशों के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए सख्त कार्रवाई की बात कही। पुलिस की छवि को जनता के बीच सुधारने और परिवादियों की सुनवाई प्राथमिकता से करने पर जोर दिया गया। आदतन अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए।

बैठक के बाद आईजी ने एसपी कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया और रिकॉर्ड के संधारण मेंटिनेंस को लेकर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

आईजी सत्येंद्र सिंह के अनुसार कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद रखना और आम नागरिक को सुरक्षित महसूस कराना हमारी प्राथमिकता है। अपराधों की रोकथाम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## आकांक्षा पालावत ने पी.एच.डी. की

**जोधपुर**, (कासं)। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा जोधपुर निवासी आकांक्षा पालावत को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने राजस्थान सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में 'राजस्थान सुजस' पत्रिका का योगदान : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन (वर्ष 2011 से 2020 के विशेष संदर्भ में) विषय पर अपना शोधकार्य पूर्ण किया है। शोधकार्य हिंदी विभागाध्यक्ष एवं पूर्व अधिष्ठाता, कला संकाय प्रो. एस. के. मीणा के निर्देशन में संपन्न हुआ। शोध में 'राजस्थान सुजस' पत्रिका के माध्यम से राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा आमजन तक उनकी प्रभावी पहुंच का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है।

# हिन्दू महोत्सव समिति ने शोभायात्रा निकाली

**पाली**, (नि.सं.) होली के बाद धुलडी पर गांव शाही गैर पास होने पर पिछले सैकड़ो वर्षों से बादशाह की खर्ची की सवारी निकलती थी, लेकिन शहर में इसका विरोध होने पर पिछले साल से श्याम संग होली की सवारी निकली। जिसमें सैकड़ो किलो गुलाल उड़ाकर शहर की सड़के लाल हो जाती है। यह कार्यक्रम इस बार भी गुरुवार को हुआ।

हिंदू महोत्सव समिति के मंत्री परमेश्वर जोशी बताया कि इस शोभा यात्रा में हिन्दू समाज ,संस्थाओं ने भाग लिया एवं भजनों पर लोग नाचते गाते हुए शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए होली की गुलाल उडाई। शोभायात्रा धानमंडी से श्याम की आरती के पश्चात प्रारम्भ हुई।

श्याम संघ होली में 1111 गुलाल से पूरे रास्ते होली का लोगो ने आनन्द लिया। समिति के सभी सदस्यों ने एवं गांव सही लोगों ने आरती कर भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त कर शोभायात्रा प्रारंभ की गई शोभायात्रा में सर्वप्रथम पुष्करणा समाज द्वारा ओम का भगवा झंडा लिए चल रहे थे। ट्रैक्टर में कृष्ण के साथ ग्वालो द्वारा होली खेली जाने का चित्रण किया गया।

मध्य के ट्रैक्टर में भगवान श्री कृष्ण द्वारा पूरे शहर में होली की गुलाल उड़ाकर शहर को धन्य किया एवं सड़क किनारे भक्तों ने होली की गुलाल का आनंद लिया।

शोभा यात्रा के अंत में भगवान कृष्ण की झांकी का रथ सहित हजारों लोग चल रहे थे।

शोभायात्रा में हिंदू महोत्सव समिति के अध्यक्ष रंगलाल जाट, कोषाध्यक्ष भीमराज चौधरी, उपाध्यक्ष नीलम बंसल, सदस्य के रूप में किशन प्रजापत, अनिल चौहान, कमल किशोर गोयल, भारतीय जनता पार्टी के महेंद्र बोहरा, रामकिशोर साबू, दौलाराम पटेल, विजय राज सोनी, मनीष सेन, गणेश राम कुमावत, प्रवीण कुमार परिहार साथ में चल रहे थे।

कार्यक्रम के संयोजक शिव प्रकाश प्रजापत ने बताया कि 6 बजे राधा कृष्ण की सवारी की आरती के हुई और शोभायात्रा सोमनाथ मंदिर भेरू घाट पानी दरवाजा पाल्लीवालो का बास बादशाह का झंडा सरर्फा बाजार होते हुए पुनः धान मंडी शोभायात्रा पूर्ण हुई।

समिति के अध्यक्ष रंगलाल चौधरी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पालतू श्वान को पत्थर मारने पर केस दर्ज कराया

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के पुरानी पुलिस लाइन के पास में पालतू श्वान को पत्थर मारे जाने पर मालिक ने एक युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम में मामला दर्ज किया है।

उदयमंदिर पुलिस ने बताया कि पुरानी पुलिस लाइन के समीप रहने वाले दीक्षित सिंह ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 3 मार्च को उसका पालतू श्वान गली में विचरण कर रहा था। तब आसिफ मो. नाम के शख्स ने उस पर पत्थर फेंका और जिससे श्वान चोटिल हो गया। पुलिस ने घटना को लेकर दीक्षित सिंह की रिपोर्ट पर पशु क्रूरता का केस दर्ज किया है।

## सड़क हादसों में घायल दो की मौत

**जोधपुर**, (कासं)।शहर के करवड़ पुलिस थाना क्षेत्र में सडक़ हादसों में घायल दो लोगों की अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया।

करवड़ पुलिस ने बताया कि रूपावतों की ढाणी नेतड़ा निवासी चतुर सिंह ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसके पिता मनोहर सिंह अपनी बाइक लेकर नेतड़ा गांव की सरहद से निकल रहे थे। तब किसी ट्रक चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में उसके पिता बुरी तरह घायल हो गए। बाद में अस्पताल ले जाने पर मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर अब जांच आरंभ की है।

इसी तरह भवाद करवड़ निवासी आसुराम पुत्र कोजाराम दमामी ने रिपोर्ट दी कि उसका पुत्र 4 मार्च को बाइल लेकर नेतड़ा से निकल रहा था। तब अज्ञात वाहन चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में घायल उसके पुत्र की अब मौत हो गई। दोनों प्रकरण में जांच एएसआई पदमाराम के पास है।

# झूलेलाल जयंती की तैयारी पर सिंधी समाज ने चर्चा की

**पाली**,(नि.सं. ) सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान झूलेलाल की जयंती चेटीचंड महोत्सव को लेकर आज सिंधी कॉलोनी स्थित सिंधु भवन में सिंधी समाज की आम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता झूलेलाल मंडल अध्यक्ष देवीदास चंदनानी, सिंधी समाज सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश पुरशवानी, पूर्व उपमहापौर ललित प्रितमानी और कोकिला नारवानी ने की।

मंडल प्रवक्ता जय थावानी ने बताया कि 20 मार्च को चेटीचंड का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

उन्होंने बताया कि 19 मार्च को सुबह 9 बजे वाहन रैली निकाली जाएगी। यह रैली सिंधी कॉलोनी से शुरू होकर पीएमटी कॉलोनी, पुराना हाउसिंग बोर्ड, नया हाउसिंग बोर्ड, रेलवे स्टेशन, गांधी मूर्ति, सूरजपोल होते हुए पुनः गांधी मूर्ति, भैरूघाट और पानी दरवाजा होते हुए सिंधी कॉलोनी मंदिर पर समाप्त होगी। वाहन रैली का उद्देश्य शहरभर में रह रहे समाजबंधुओं को चेटीचंड महोत्सव के कार्यक्रमों में शामिल होने का निमंत्रण देना है।

20 मार्च को चेटीचंड महोत्सव के अवसर पर सुबह 9 बजे झूलेलाल मंदिर में ध्वजारोहण, आरती और डांडिया नृत्य होगा। इसके बाद सुबह 10:30 बजे शोभायात्रा सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर से रवाना होकर सत्यनारायण मार्ग, गोपीनाथ मंदिर, श्रीनाथजी की पोल, बादशाह झंडा, जर्दा बाजार, सर्राफा बाजार, फतेहपुरिया बाजार और पाली सेवा मंडल होते हुए लाखोटिया तालाब भैरूघाट पर विसर्जित होगी।

दोपहर 1 बजे सिंधु भवन में भंडारा आयोजित किया जाएगा। शाम 7 बजे झूलेलाल मंदिर प्रांगण में पंजड़ा कार्यक्रम होगा, जिसके बाद रात 9:30 बजे से मंदिर प्रांगण में डांडिया नृत्य और मेला आयोजित होगा।

21 मार्च को सुबह 9 बजे सिंधु भवन में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इसके साथ ही महिलाओं और बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। शाम को मेला प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण समारोह होगा। इसके बाद रात 9:30 बजे तक डांडिया नृत्य का आयोजन किया जाएगा।

महोत्सव को सफल बनाने में चंद्रप्रकाश साधवानी, सुनील निहलानी, हरीश गुरनानी, नथूमल गंगवानी, राजेश बेलानी, सुरेंद्र निहालानी, दीपक आडवाणी, प्रकाश सिरवानी, राधाकिशन शिवनानी, मनोज तनवानी, निखिल गुलवानी, सुरेश परशवानी, ललित निहलानी, यजुवेंद्र खेमलानी, जितेंद्र हरचंदानी, ललित मोटवानी, दौलत तनवानी, महेश वासवानी, राम बेलानी, किशोर आडवाणी, सुनील श्यामयानी, नितिन सिरवानी, रमेश थावानी, नंद सतवानी, हरीश आसनानी, प्रेम लोहानी, पार्थ तनवानी, हार्दिक थावानी, वंश आडवाणी सहित महिला मातृशक्ति से कुसुम लोहानी और नीतू अमरनानी सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।

# साक्षरता रथ रवाना

**पाली**, (नि.सं.)। राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार चल रहे नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अभियान के तहत शुक्रवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा कार्यालय से साक्षरता रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

ब्लॉक समन्वयक भगवान सिंह चारण ने बताया कि इस मौके पर जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी कैलाश चन्द्र राठौड ने कहा कि रथ के माध्यम पाली पंचायत समिति एवं शहरी क्षैत्र मे आमजन को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडने मे सफल होगा।

इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा दिलीप करमचंदानी ने कहा कि रथ का मुख्य उदेश्य सभी ग्राम पंचायतो में पहुंचकर साक्षरता का प्रचार प्रसार करना है। यह रथ शिक्षा से वंचित लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करेगा।

वरिष्ठ सहायक रक्षित शर्मा ने बताया कि इस मौके पर एसीबीईओ देवेन्द्र डाबी, देवाराम चौधरी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरभि चौहान, ब्लॉक समन्वयक राकेश देवडा, प्रधानाचार्य दिनेश लड्ढा, दीपक जावा, महेन्द्र वैष्णव, विनोद पुन्नड, शालिनी मेवाडा, जीना संतोष, शोभा बोराणा, रतन सिंह पंवार, हुक्मीचंद सैन, नरेन्द्र कुमार, कुलदीप, दिनेश कुमार गुर्जर, प्रभू सिंह राजपुरोहित, सत्यनारायण पारीक, सुशीला टेलर, लीलाधर, अक्षय पालीवाल, अंजना पुरी, कमलेश वैष्णव, अभिषेक एस वैष्णव, देवीदत्त जोशी, खुशवंत चारण, गोपाल कल्ला, श्रीराम मीणा, संजय पुरी, प्रवीण तंवर, नरेन्द्र कुमार गर्ग, इन्द्र सिंह सहित कई जने मौजूद रहे।

# महिला की फोटो वायरल की धमकी दी

**जोधपुर**, (कासं)। बनाड़ स्थित एक महिला की इंस्टाग्राम आईडी पर बदमाश ने आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने के साथ फोटो को वायरल किए जाने की धमकी दी। बदमाश महिला को काफी दिनों से परेशान कर रहा है। पीड़िता ने बनाड़ थाने में आईटी एवं धमकाने का केस दर्ज कराया है। फिलहाल पुलिस आरोपी की पहचान कर रही है।

बनाड़ पुलिस ने बताया कि क्षेत्र की रहने वाली शादीसुदा महिला ने बताया कि वह इंस्टाग्राम पर एक्टिव है। उसकी आईडी पर गत 17 नवंबर को किसी बदमाश ने आपत्तिजनक पोस्ट करते हुए बदनाम करने का प्रयास किया साथ ही वह उसकी फोटो को भी वायरल किए जाने की धमकी दे रहा है। काफी समय से आरोपी उसे तंग और परेशान कर रहा है। थानाधिकारी लेखराज ने बताया कि पीड़िता की रिपोर्ट पर केस दर्ज किया गया है।

## अतिक्रमण हटाया

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर नगर निगम की ओर से ट्रैफिक में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुक्रवार को घंटाघर क्षेत्र में की गई। इस दौरान टीम ने घंटाघर में अस्त-व्यस्त खड़े रहने वाले ठेलों, सामान आदि को हटवाया। कार्रवाई में ट्रैफिक पुलिस भी शामिल रही।

मार्केट में नई सड़क के दोनों ओर दुकानदार बरामदा में अपना सामान रखते हैं। वहीं ठेले वाले सड़क पर खड़ा हो जाते हैं, जिसकी वजह से यहां सुबह-शाम ट्रैफिक जाम हो जाता है। भीड़-भाड़ की वजह से आने वाले लोग और वाहन चालक भी परेशान होते हैं।

# रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**जोधपुर**, (कासं)। पीपाड़ रोड रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार तडक़े एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। शव पीपाड़ रोड रेलवे फाटक से करीब एक किलोमीटर दूर मेड़ता की ओर ट्रैक के किनारे पड़ा था।

स्टेशन मास्टर रामसिंह मीणा ने सुबह लगभग 3.30 बजे पीपाड़ शहर थाने को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही ड्यूटी ऑफिसर विक्रम मीणा पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने पाया कि मृतक ट्रैक के पास मृत अवस्था में पड़ा था। उसके सिर पर चोट के निशान थे और खून बह रहा था।

मृतक ने काले रंग की पैंट और सफेद शर्ट पहन रखी थी। उसके चमड़े के जूते पास में ही मिले। मृतक के पास पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिलने के कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस की शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति चलती ट्रेन से गिर गया होगा। पुलिस ने घटनास्थल की वीडियोग्राफी करवाई और एंबुलेंस की मदद से शव को पीपाड़ शहर के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

## टांके में गिरने से महिला की मौत

डांगियावास के कोकुण्डा गांव में पानी के टांके में गिरने से एक महिला की मौत हो गई। उसके पति की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई।

डांगियावास पुलिस ने बताया कि कोकुण्डा गांव की रहने वाली 28 साल की ममता पत्नी बिरमाराम जाट घर पर टांके से पानी निकाल रही थी।

# वीर सबल सिंह जोधा की अश्वारूढ़ मूर्ति का अनावरण कल

**जोधपुर/पोकरण**, (कासं)। फलसूंड के संस्थापक वीर सबल सिंह जोधा की अश्वारूढ़ मूर्ति का अनावरण 8 मार्च को प्रातः 10.15 बजे फलसूंड में किया जाएगा। पूर्व नरेश गज सिंह समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

आयोजन समिति के रतन सिंह जोधा सरपंच फलसूंड ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि जोधपुर के पूर्व नरेश गजसिंह व अति विशिष्ट अतिथि जैसलमेर के पूर्व महारावल चैतन्य राज सिंह व लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ होंगे।

विशिष्ट अतिथि केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ,पूर्व मंत्री चंद्रेश कुमारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, संभागीय आयुक्त अजमेर शक्ति सिंह राठौड़ ,ठाकुर नागेंद्र सिंह पोकरण, रावल किशन सिंह जसोल, रावत त्रिभुवन सिंह बाड़मेर, पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल, पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड,.पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, पूर्व मंत्री धर्मेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व मंत्री भंवर सिंह भाटी, विधायक शेरगढ़ बाबू सिंह राठौड़, विधायक सिवाना हमीर सिंह भायल, विधायक जैसलमेर छोटू सिंह भाटी, विधायक शिव रविंद्र सिंह भाटी, विधायक कोलायत अंशुमान सिंह भाटी, आईएएस शक्तिसिंह राठौड़, , मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा, पूर्व विधायक शैतान सिंह राठौड़, आईएएस शक्ति सिंह राठौड़, पूर्व आर ए एस हरि सिंह राठौड़, मेघराज सिंह रॉयल, करण सिंह उचियारड़ा, कुंभसिंह पातावत, सुनीता भाटी, श्रवण सिंह बगड़ी, उम्मेद सिंह चौरड़िया, समुंदर सिंह नोसर, जोगेंद्र सिंह चौहान, स्वरूप सिंह खारा, किशोर सिंह कानोड, विक्रमादित्य सिंह बुजीवाड़ा, मनोहर सिंह चौहान आकल, यशवर्धन सिंह झेरली, श्यामसिंह उदावत सोवा, राजेन्द्र सिंह नरूका, लूणसिंह उपस्थित रहेंगे।

महंत गंगानाथ महाराजा सिरे मंदिर जालोर, महंत गोरखनाथ ख्याला मठ, महंत प्रतापपुरी महाराज तारातरा मठ व विधायक प्रतापपुरी पोकरण, महंत रावलपुरी स्वामीजी की ढ्राणी मठ, महंत ओंकार भारती परेऊ मठ, महंत शिवगिरी शेरगढ़ मठ व महंत मगनपुरी भियाड़ मठ का सानिध्य मिलेगा।

वीर सबल सिंह जोधा की महाराजा जसवंत सिंह प्रथम के साथ काबुल युद्ध में अग्रिम पंक्ति में भूमिका रही ।महाराजा जसवंत सिंह के जमरूद में निधन के बाद संकट के समय महत्वपूर्ण भूमिका रही।।

महेशदासोत जोधा रावली कोटड़िया, देवराजसिंह पाटोदी, उदय सिंह फलसूंड, गंगासिंह फलसूंड, हरि सिंह फलसूंड, विजयसिंह फलसूंड, बगतावर सिंह नागाणा, अमरसिंह सरथला, छत्रसालसिंह नेवाई, भगवत सिंह साई, नारायणसिंह केसवाणा, गजेन्द्रसिंह नेवरी व कुलदीप सिंह साई की आयोजन में विशेष भूमिका रहेगी।


**कार्यालय नगरपालिका, सांचौर जिला-जालौर (राज.)**

(टेलिफोन नम्बर-02979-283280 व ई-मेल आई.डी. eosanchore.lsg@rajasthan.gov.in & eosanchore2010@gmail.com)

क्रमांक / न.पा.सां. / स्टोर / 2026 / 7545 दिनांक :- 27.02.2026

**-:: निविदा सूचना संख्या 01/ 2026 ::-**

नगरपालिका सांचौर की ओर से सक्षम श्रेणियों में पंजीकृत निर्माताओं / अधिकृत विक्रेताओं या अनुभवी आपूर्तिकर्ताओं से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु E-Procument के माध्यम से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण जरीये यूबीएन नं. **DLB2526B2341** विभागीय वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in/ देखी / डाउनलोड की जा सकती है। शेष शर्ते कार्यालय में कार्यालय समय मे देखी जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा में कुल कार्य | 03 कार्य | |
| निविदा प्रपत्र जमा करवाने की तिथि | दिनांक 11.03.2026 | |
| निविदा क्रमांक | DLB2526B2341 | |
| UBN NO. | | |
| DLB2526SSRC36660 | DLB2526SSRC36663 | DLB2526SSRC36666 |

राज.संवाद / सी / 25 / 21871

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका सांचौर